# कार्यालय प्राचार्य शा0 संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन (म0प्र0)

दीनदयाल उपाध्याय काम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर सांवेर रोड उज्जैन

(दूरभाष क. **0734–2990029**)

क्रमांक / 2024 / 92 उज्जैन, दिनांक :– 5-3-2024

प्रति,

श्रीमान् कुलसचिव महोदय,
विक्रम विश्व विद्यालय
उज्जैन (म0प्र0)

विषय :– **परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित करने संबंधी प्रचार–प्रसार करने बाबत् ।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के योग्य अभ्यर्थियों हेतु म0प्र0 लोक सेवा आयोग/ कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित विविध प्रतियोगी परिक्षाओं बैंकिंग/रेल्वे/एस.एस.सी. में चयन हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन में आयोजित किया जाता है ।

अतः संलग्न अनुसार विज्ञापन/नियमावली अपने महाविद्यालय/अध्ययनशाला/कार्यालय के सूचना पटल पर एवं अपनी संस्था के कैरियर विभाग एवं कैरियर कांउसलर के माध्यम से अधिकाधिक प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें, जिससे शासन की उक्त महत्वपूर्ण योजना का लाभ अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के योग्य प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हो सके ।

संलग्न :– विज्ञापन/नियमावली

**प्राचार्य/उपसंचालक**
**शा० संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र**
**उज्जैन संभाग उज्जैन (म०प्र०)**

DR. (SC/ST. Cell)

07-03-24

1475
7/3/24

SC/ST Cell
7/3/24

# कार्यालय प्राचार्य शा0 संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन (म0प्र0)

दीनदयाल उपाध्याय काम्प्लेक्स के पीछे सांवेर रोड उज्जैन

(दूरभाष क. **0734–2990017**)

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

म0प्र0 राज्य सेवा आयोग परीक्षा, म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, एस0एस0सी0, रेल्वे एवं बैंकिंग चयन मण्डलों द्वारा आयोजित होने वाली आगामी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले म0प्र0 के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र उम्मीदवारों से परीक्षा पूर्व कोचिग लेने हेतु निर्धारित प्रपत्र में निम्नलिखित शर्त के साथ आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । उम्मीदवारों का चयन स्नातक स्तर पर प्राप्त अंकों के आधार पर मेरीट तैयार कर किया जावेगा । **प्रशिक्षण स्थल तथा आवेदन प्राप्त व जमा करने का पता कार्यालय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन संभाग उज्जैन, दीन दयाल उपाध्याय काम्प्लेक्स के पीछे सांवरे रोड उज्जैन ।**

1– आवेदक मध्य प्रदेश का मूल निवासी होकर वह अनुसूचित जाति/जनजाति का सदस्य हो ।

2– आवेदक की शैक्षणिक योग्यता स्नातक न्यूनतम 55 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हो ।

3– अभ्यर्थियों के परिवार की समस्त स्त्रोंतो से वार्षिक आय 8.00 लाख से अधिक न हो ।

4– आय प्रमाण पत्र समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का हो ।

5– केन्द्र में प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है ।

6– आवेदक प्रतियोगी परीक्षा हेतु निर्धारित शर्तो को पूर्ण करता हो एवं शारीरिक योग्यता पदनुसार निर्धारित माप दण्डानुसार होनी चाहिए ।

7– प्रशिक्षण अवधि म0प्र0 राज्य सेवा आयोग की परीक्षा के लिए अधिकतम 12 माह, मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल कोर्स के लिए अधिकतम 03 माह तथा एस.एस.सी., बैंक, रेल्वे के लिए अधिकतम 06 माह रहेगी ।

8– उम्मीवारों को स्नातक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट तैयार कर प्रवेश दिया जावेगा ।

9– प्रशिक्षण पूर्ण कालिक है ।

10– उक्त परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु आवेदक ने पूर्व में किसी भी विभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो ।

11– किसी भी प्रकार की गलत सूचना देने एवं अनुशासनहीनता करने पर उम्मीदवार का प्रवेश किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है, ऐसी स्थिति में किसी भी क्षति के लिये केन्द्र उत्तरदायी नहीं होगा ।

12– प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण कोर्स संबंधित प्रतियोगी परीक्षा का आवेदन पत्र भरना तथा प्रतियोगी परीक्षा में बैठना अनिवार्य होगा ।

उपरोक्तानुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित/सत्यापित छायाप्रतियॉ जैसे–मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची आदि सहित संलग्न कर संस्था में जमा करें । शेष शर्ते एवं अन्य जानकारी केन्द्र से प्राप्त कर सकते है ।

**प्राचार्य/उपसंचालक**
**शा० परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र**
**उज्जैन (म०प्र०)**

# शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र उज्जैन

## संभाग उज्जैन

## SC और ST वर्ग के विद्यार्थियों के लिए निः शुल्क कोचिंग क्लासेस

**MPPSC प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा**

व अन्य प्रतियोगी परीक्षा **ESB**, पटवारी, **MPSI, BANK SSC, RAILWAY** की निः शुल्क कोचिंग क्लासेस


विशेष – सुसज्जित भवन, लाइब्रेरी, कंप्यूटर क्लासेस डिजिटल बोर्ड द्वारा कोचिंग क्लासेस ( सभी निःशुल्क

**पात्रता -** 1) स्नातक में न्यूनतम 55%
2) आय - अधिकतम 8 लाख
3) आयु - अधिकतम 35 वर्ष
4) म. प्र. के मूल निवासी

0734-2990029, 9424085363
9131864343, 8815757277

Add.- दीनदयाल कॉम्लेक्स के पीछे गांधी नगर, दो तालाब के पास, सांवेर रोड उज्जैन







# शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र उज्जैन

## संभाग उज्जैन

**SC और ST वर्ग के विद्यार्थियों के लिए निः शुल्क कोचिंग क्लासेस**

**MPPSC प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा**

**व अन्य प्रतियोगी परीक्षा ESB, पटवारी, MPSI, BANK SSC, RAILWAY की निः शुल्क कोचिंग क्लासेस**

विशेष - सुसज्जित भवन, लाइब्रेरी, कंप्यूटर क्लासेस

डिजिटल बोर्ड द्वारा कोचिंग क्लासेस ( सभी निःशुल्क )

**पात्रता -** 1) स्नातक में न्यूनतम 55%
2) आय - अधिकतम 8 लाख
3) आयु - अधिकतम 35 वर्ष
4) म. प्र. के मूल निवासी

0734-2990029, 9424085363
9131864343, 8815757277

Add.- दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर,
दो तालाब के पास. सांवेर रोड उज्जैन